समाचार

स्वच्छता महाअभियान का हुआ आगाज, चलाई गई स्वच्छता ड्राईव

(महापौर एवं आयुक्त उतरे सड़क पर, खुद किया सफाई का कार्य)

(बरसों बाद खुले नालियों के स्लेब कवर, हुई सतह से सफाई)

(कचरा फैलाने व गदंगी करने पर 10 हजार रू. अर्थदण्ड)

कोरबा 10 फरवरी 2022 – आज कोरबा शहर में स्वच्छता महाअभियान का आगाज बेहद प्रभावी तरीके से हुआ, वार्ड क्र. 01 रामसागरपारा में महाअभियान के तहत वृहद स्वच्छता ड्राईव चलाकर साफ–सफाई का कार्य किया गया। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने खुद सड़क पर उतरकर हाथ में बेलचा, फावड़ा व तगाड़ी को संभाला तथा घंटों तक सफाई का कार्य किया, वहीं नगर के स्वयंसेवी संगठन व निगम के अधिकारी कर्मचारियों तथा आमनागरिकों ने भी सफाई कार्य में सहभागिता देते हुए साफ–सफाई का कार्य किया। इस मौके पर मेयर इन काउंसिल सदस्य व वार्ड पार्षद श्री संतोष राठौर सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी व वार्ड के नागरिकगणों ने भी सफाई कार्यो में सहयोग दिया।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा शहर की स्वच्छता सुनिश्चित करने, लोगों में सफाई के प्रति जागरूकता पैदा करने, शहर को साफ–सुथरा रखने के मद्देनजर आज 10 फरवरी से 31 मार्च 2022 तक अनवरत रूप से स्वच्छता का महाअभियान चलाया जा रहा है, आज इसकी शुरूआत वार्ड क्र. 01 रामसागरपारा से की गई। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने महाअभियान में शिरकत करते हुए स्वयं हाथों में बेलचा, फावड़ा संभाला तथा निगम के सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर घंटों तक सफाई का कार्य किया। महापौर एवं आयुक्त ने पूरी टीम के साथ बस्ती का पैदल भ्रमण किया, निगम के सफाई कर्मियों तथा स्वच्छता कार्य में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए बेहतर साफ–सफाई कार्यो के लिए उनका मार्गदर्शन किया। स्वच्छता ड्राईव के दौरान सड़क, नाली आदि की

सम्पूर्ण सफाई एवं सड़क के किनारे उगी घांस, बर्म, झाड़ियों आदि की सफाई कर कचरे का तुरंत उठाव एवं उनका परिवहन एक अभियान के रूप में कराया गया।

20 वर्ष बाद उठा नाली का स्लेब, हुई सतह से सफाई– स्वच्छता महाअभियान के दौरान ऐसी नालियों एवं स्थलों की साफ–सफाई की गई, जहॉ पर बरसों से सफाई नहीं हुई थी, मुरारका पेट्रोल पम्प के समीप मकान स्वामी द्वारा नाली के ऊपर स्लेब डाल दिया गया था, जिसके कारण 20 वर्ष से उक्त नाली की सफाई नहीं हुई थी तथा वहॉ पर जाम की स्थिति बन रही थी, अभियान के दौरान आज उक्त स्लेब को हटाकर नाली की सतह से सफाई हुई तथा भारी मात्रा में मलवे की निकासी की गई। इसी प्रकार अन्य स्थानों पर भी स्लेब को हटाकर नालियों की सतह से सफाई हुई तथा नालियों में बरसों से जमे कचरे को बाहर निकाला गया।

कचरा फैलाने पर लगा 10 हजार रूपये का अर्थदण्ड– मुरारका पेट्रोल पम्प के सामने स्थित खाली प्लाट में भारी मात्रा में गदंगी व कचरे का ढेर लगा हुआ था, जिसकी बरसों की सफाई नहीं हुई थी, प्लाट मालिक द्वारा सफाई के प्रति गंभीर उदासीनता बरतने, गदंगी व कचरा फैलाने को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने मौके पर ही अर्थदण्ड लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए, जिस पर संबंधित व्यक्ति पर 10 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया। इसी प्रकार दुरपा रोड स्थित मेहर वाटिका पर 1010 रूपये का कचरा व्यवस्थापन शुल्क भी आरोपित किया गया, वहीं तीन अन्य व्यक्तियों द्वारा सी.एण्ड डी. वेस्ट डम्प किए जाने पर 1750 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया।

रोटरी क्लब ने दी अभियान में सहभागिता– विगत दिनों आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने नगर के स्वयंसेवी संगठनो ंकी बैठक लेकर शहर की स्वच्छता में सहभागिता का आग्रह संगठनों से किया था, आज संचालित किए गए स्वच्छता महाअभियान के दौरान रोटरी क्लब कोरबा ने अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता दी। रोटरी क्लब के पदाधिकारी पारस जैन, विक्रय अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, प्रशांत मुरारका, पवन अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों ने साफ–सफाई कार्यो में हिस्सा लिया, सफाई का कार्य किया तथा बस्ती का पैदल भ्रमण करते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का आव्हान किया।

बस्तीवासियों से चर्चा, सफाई में सहयोग की अपील– महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने स्वच्छता ड्राईव के दौरान बस्ती का पैदल भ्रमण करते हुए वहॉ के रहवासियों से चर्चा की तथा शहर को साफ–सुथरा रखने व स्वच्छता कार्यो में उनके सहयोग की अपील की। उन्होने बस्तीवासियों से आग्रह किया कि वे घरों से निकले हुए सूखे व गीले कचरे को अलग–अलग डस्टबिन में सग्रहित करके रखें, डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु आने वाली स्वच्छता दीदी के रिक्शें में ही कचरे को दें, सड़क, नाली में कचरा न डालें, अपने कोरबा शहर को साफ, स्वच्छ व सुंदर शहर बनाए रखने में सहयोग दें।

आज संचालित की गई स्वच्छता ड्राईव के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य व वार्ड पार्षद संतोष राठौर के साथ ही निगम के अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, उपायुक्त खजांची कुम्हार एवं बी.पी.त्रिवेदी, जोन कमिश्नर आर.के.माहेश्वरी, ए.के.शर्मा, विनोद शांडिल्य, अखिलेश शुक्ला, तपन तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी व सुनील वर्मा, संपदा अधिकारी श्रीधर बनाफर, सहायक अभियंता डी.सी.सोनकर, योगेश राठौर, विवेक रिछारिया, राकेश मसीह, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, राजबहादुर सिंह, के.एस.क्षत्री, राहूल मिश्रा, अश्वनी दास, एच.आर.बघेल, विनोद गोंड़, पी.आई.यू. गौरव सिंह, शिल्पा राठौर सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारी, स्वयंसेवी संगठन के सदस्य, निगम के स्वच्छता कमांडो व बस्तीवासियों ने स्वच्छता कार्यो में सहभागिता दी।